काव्य मंजरी
Kavya Manjari



केन्द्रीय विद्यालय संगठन, नई दिल्ली
Kendriya Vidyalaya Sangathan, New Delhi

काव्य मंजरी

भाग–16

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय संगठन, नई दिल्ली

© केन्द्रीय विद्यालय संगठन

काव्य मंजरी, भाग–16

स्थापना दिवस-2022 के उपलक्ष्य में प्रकाशित केन्द्रीय विद्यालय शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा रचित कविताओं का संकलन

ई–पुस्तक

मार्गदर्शन	:	**श्रीमती निधि पाण्डे** आयुक्त
संपादक	:	**श्री ना. रा. मुरली** संयुक्त आयुक्त (शै.)
संपादकीय प्रभारी	:	**श्री सचिन राठौर** सहायक संपादक
आवरण पृष्ठ	:	**श्री संजय कुमार परीदा** टीजीटी कला, के.वि. क्रं. 3 भुवनेश्वर

श्रीमती अजीता लोंग्जम, संयुक्त आयुक्त (प्रशा.–1) द्वारा केन्द्रीय विद्यालय संगठन, नई दिल्ली के लिए प्रकाशित।

दो शब्द

केन्द्रीय विद्यालय संगठन की वार्षिक काव्य पुस्तक 'काव्य मंजरी' का 16वां अंक पाठकों को समर्पित करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। आज़ादी के अमृतकाल में ई-पुस्तक के रूप में प्रकाशित हो रहा यह संकलन हमारे शिक्षकों एवं अन्य कार्मिकों की देशभक्ति की भावनाओं को प्रतिबिंबित करता है।

देश के समस्त केन्द्रीय विद्यालयों में आज़ादी का अमृत महोत्सव पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। विद्यार्थियों में भारतीयता की भावना जागृत करना केन्द्रीय विद्यालय संगठन के उद्देश्यों में से एक है और हमारे शिक्षकों द्वारा रचित इन कविताओं से इस भावना को और अधिक बल मिलता है।

स्वाध्याय और साहित्य सृजन मनुष्य के विकास का महत्वपूर्ण आयाम है। मुझे अत्यंत प्रसन्नता है कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन के शिक्षकवृंद एवं और अधिकारीगण अपने जीवन में स्वाध्याय और नव साहित्य सृजन को महत्व दे रहे हैं।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन के सभी 25 संभागों, पांच आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों और मुख्यालय से इस अंक के लिए बड़ी संख्या में रचनाएं प्राप्त हुईं। चयन समिति द्वारा अंतिम रूप से जिन कविताओं का चयन किया गया, उनके रचियताओं को बहुत बधाई।

काव्य मंजरी का यह अंक ई-पुस्तक के रूप में सभी पाठकों के लिए उपलब्ध रहेगा। मेरा विश्वास है कि हमारे शिक्षक एवं अन्य कार्मिक इसी प्रकार अपनी सृजनशीलता को अनवरत जारी रखेंगे।

पुनः एक बार सभी रचनाकारों को अनेक शुभकामनाएं एवं पुस्तक के संपादक मंडल एवं चयन समिति के सदस्यों को हार्दिक बधाई।

मंगल कामनाओं सहित,

निधि पाण्डे

(निधि पाण्डे)
आयुक्त

कविताओं की सूची

❖ दो शब्द iii

1. शिक्षा गीत 1
2. भारत की संतान महान 3
3. आज़ादी का जश्न 5
4. राष्ट्र प्रथम 6
5. आज़ादी का परचम 8
6. आज़ादी का अमृत महोत्सव 10
7. अमर शहीदों की याद 12
8. देश ये अखण्ड है 14
9. आजादी का गौरव-गान 15
10. अमृत काल का अभिनंदन 17
11. आओ मनाए आज़ादी का अमृत-महोत्सव 19
12. गुलमोहर पिघलकर, जमीं पर बिछ गया था ! 21
13. 75 नॉट आउट 24
14. महोत्सव में, मैंने भारत को जाना है 27
15. आज़ादी और आत्मविश्वास 29
16. हम श्रद्धा सुमन चढ़ाते जाएँ। 31
17. आजादी का उत्सव 33
18. राष्ट्र जागरण पर्व 35
19. दिल मांगता था आज़ादी 36
20. आज़ादी की मर्यादा 38
21. बची है जिंदगी थोड़ी 40

22. लौट चलो बचपन की ओर 42
23. गांधी थे तुम सबसे प्यारे 44
24. अमृत काल में 46
25. आज़ादी का मोल 49
26. कैसे मिली होगी आज़ादी! 51
27. तिरंगे की आवाज़ 53
28. क्या पार लगेगी ये नौका ? 56
29. मेरा भारत महान 58
30. अमर सपूतों का संघर्ष 59
31. मंगल कामना 61
32. मेरा देश ही महान हो 63
33. देश हित में बहाव की जरूरत है 65
34. आज़ादी का अमृतमहोत्सव 66
35. मिलकर मनाएं पर्व 68
36. आज़ादी के अमृत महोत्सव का उल्लास हो 70
37. आज़ादी का अमृत काल 72
38. हम भारत को श्रेष्ठ बनाएँगे 74
39. आत्मनिर्भर भारत 76
40. लौट आएंगी माँ 78
41. आजादी का उत्सव मनाएंगे 80
42. भारत भूमि 81
43. गर्भ 84
44. आओ अमृत पर्व मनाएं 86
45. आज़ादी का अमृत महोत्सव 88
46. जश्न मन रहा आजादी का 89
47. स्वर कोकिल का सुरलोक गमन 91

48. वे कौन हैं ? 92
49. वीरों का गौरव गान 93
50. भारत भूमि 95
51. स्वर्णिम-अलख 97
52. आज़ादी 99
53. आज़ादी का अमृत महोत्सव 100
54. आज़ादी का अमृत महोत्सव मनाएँगे 102
55. वो तिरंगा है 104
56. आज़ादी के उत्सव हेतु, सबको आगे आना होगा 106
57. देश डगर 108
58. आज़ादी का अमृत महोत्सव 110
59. गौरव-गाथा का उत्सव है 113
60. टंट्या भील की शहादत 115
61. हर घर तिरंगा 117
62. मेरी धरा में स्वर्ण का अक्षय खजाना है भरा 120
63. मेरा देश - मेरा गौरव 122
64. अमृत काल में देश के युवाओं से 124
65. Beginning the Journey of Life 126
66. A Tribute to Mother Land 127
67. The Chickoo Tree in My Front Yard 128
68. Glimpses of India 129
69. Let us Pledge 131
70. India at 75 133
71. Tiruppur Kumaran 134
72. KVS The Future of India 135
73. 75 Years of Independence: An Eternal 137

74. A Tribute to our Martyrs 138
75. India at Glorious 75! 140
76. Never Bid Farewell to Us 141
77. Building A Great Nation 143
78. Salute to the Great Souls 144
79. India: The Mother of Civilisations 145
80. Destiny to Destination: A March For Miles 147
81. The Elixir 145
82. True Freedom 147
83. At Your Mercy 148
84. The Saga of India 150
85. India of My Dreams 152

1

शिक्षा गीत

एक राष्ट्र है, एक नीति है, समविचार की धारा है
सभी पढ़ेंगे-सभी बढ़ेंगे, ये संकल्प हमारा है
आओ प्यारे कोटि कंठ से विद्या का श्रीगान करें
नव शिक्षा-नव नीति से हम जन-जन का कल्याण करें ।

खेल-खेल में आओ सब, मिलजुल कर करें पढ़ाई
नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति ऐसे अवसर लाई ।

बुनियादी साक्षारता हो और करें स्वयं अनुमान
जीवन-कौशल आधारित शिक्षा और संख्या ज्ञान
भारत की समृद्ध संस्कृति-परंपरा अपनाएँ
नई शिक्षा नीति पर चलकर, विश्व पटल पर छाएँ
सबके साथ-सबका विकास, गुणवत्ता पूर्ण पढ़ाई
नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति ऐसे अवसर लाई ।

नई सदी की शिक्षा को अब, आओ डिजिटल कर दें
रचनात्मक विधियों से पढ़ें हम, जिज्ञासा को स्वर दें
हर विद्यार्थी की प्रतिभा-क्षमता पहचानी जाए
और उसके अनुरूप ही उसको, शिक्षा भी मिल पाए
सबके लिए सहज हो शिक्षा, यही व्यवस्था आई
नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति ऐसे अवसर लाई ।

समावेशी शिक्षा होगी जो ऐसे अवसर देगी
नए कौशलों से जीवन का मार्ग प्रशस्त करेगी
भौतिकी के संग गान और फिर कला युक्त विज्ञान
कैसा अद्‌भुत होगा बचपन, कैसी इसकी शान ।
शिक्षित होकर, सारी दुनिया की हम करें भलाई
नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति ऐसे अवसर लाई ।

खेल-खेल में आओ अब, मिलजुल कर करें पढ़ाई
नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति ऐसे अवसर लाई ।

डॉ. ऋतु पल्लवी, प्राचार्य, केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 3, भोपाल
उदयशंकर, प्राथमिक शिक्षक (संगीत), केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 2, गुरुग्राम

2

भारत की संतान महान

उठो बढ़ो तुम आगे आओ
भारत की संतान महान।
देश युवाओं का कहलाता
वीर! बढ़ाते इसका मान।

तुम्हें सुनाती नई कहानी
निज गौरव का कर गुणगान।
गर्व भरा इतिहास सुनाती,
भारत की क्या है पहचान।

तुम वेदों की ओर लौटकर
आओ देखो क्या खास।
ईश-प्रकृति के पूजन से ही,
जीवन में आता उल्लास।

खड़ा महाराणा घाटी में
वीर-कर्म की देता सीख।
हार नहीं मानो जीवन में,
नहीं शत्रु से माँगो भीख।।

आजाद-वीर की मूछों का
बतलाता है हमको ताव।
झुको नहीं तुम वीर जवानों,
भले मिले कितने भी घाव।

मिसाइल मैन को भी देखो
नया हमें बतलाते खूब।
देश आत्म निर्भर हो जाए,
कर्म करो अपने में डूब।

ऐवरेस्ट पर चढ़ी अरुणिमा
कहती ऊँची होवे चाह।
अगर हौसला ऊँचा हो तो
चट्टानें भी देती राह।

राम-कृष्ण भी बसे तुम्हीं में
झाँसी की रानी हो आप।
कर्म करो कुछ ऐसे बेटों,
विश्व करे भारत का जाप।

मीनाक्षी
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (हिन्दी)
केंद्रीय विद्यालय अपर कैंप, देहरादून

3

आज़ादी का जश्न

हम नन्हें सेनानी आज़ादी का जश्न मनाएँगे,
भारत माता के चरणों में अपना शीश झुकाएँगे।
आज़ादी की खातिर वीरों ने दी थी कुर्बानी,
याद करेंगे आज उन्हें हम भर आँखों में पानी।
तिरंगे की शान में हम चार चाँद लगाएँगे,
काम करेंगे ऐसा कुछ जग में नाम बनाएँगे।
दुश्मन गर कोई आए तो; उसको मज़ा चखाएँगे ,
सरहद की रक्षा में अपना तन मन धन लुटाएँगे।

ज्योति छेत्तरी
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षिका (हिंदी)
केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 3, जालंधर छावनी

4

राष्ट्र प्रथम

लाखों गोद हुई सूनी, बिन चूड़ी कई कलाई हैं।
इस आज़ादी की कद्र करो बड़े बलिदानों से पाई है।

उनका ना जाति-धर्म कोई, आज़ादी के दीवाने थे,
इस धरा की ख़ातिर मिटने की मस्ती में वो मस्ताने थे।
फाँसी के फंदे पर पहले चढ़ने की होड़ लगाई है,
इस आज़ादी की कद्र करो बड़े बलिदानों से पाई है।

जब काम नहीं होता मन का तो देश में आग लगाते हो,
तुम बलिदानी के वंशज हो, ये ज़हर कहाँ से लाते हो।
तेरे पुरखों की मिट्टी ने तुझको आवाज़ लगाई है,
इस आज़ादी की कद्र करो बड़े बलिदानों से पाई है।

कुछ गद्दारों ने देश तोड़ने की आवाज़ उठाई है,
क्या इसी आज़ादी की ख़ातिर लाखों ने जान गंवाई है।
अब देश को ना बटने देंगे , हमने सौगंध ये खाई है,
इस आज़ादी की कद्र करो बड़े बलिदानों से पाई है।

जब अधिकारों की चर्चा हो तो दायित्वों को याद रखो,
निज स्वार्थ से ऊपर उठकर राष्ट्रहितों की बात करो,
मत भूलो बच्चे- बूढ़ों ने इस देश पे जान लुटाई है,
इस आज़ादी की कद्र करो बड़े बलिदानों से पाई है।

गौरवशाली विश्वगुरु भारत मेरा अभिमान है,
नाना संस्कृतियों का संगम ही इसकी पहचान है।
यहाँ के वीरों की गाथाएँ दुश्मन ने भी गाई हैं,
इस आज़ादी की कद्र करो बड़े बलिदानों से पाई है।

डॉ योगेश कुमार जैन
पुस्तकालयाध्यक्ष
केविसं, आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
ग्वालियर

5

आज़ादी का परचम

शिखर-शिखर और डगर-डगर पर,
आज़ादी का परचम लहराये।
त्याग और बलिदान की गाथा,
आओ जन-जन को बतलायें।

जिनके त्याग और बलिदान से,
फैला स्वतंत्रता का सौरभ।
उन महा पुरुषों की जय बोलें,
गूँज उठे धरती और नभ।

कतरा कतरा खून का,
किया जिन्होंने देश पर कुर्बान।
भारत माता प्राणों से प्यारी,
उज्ज्वल आन बान और शान।

आज़ादी की बलिवेदी पर,
कर दिया प्राणों का उत्सर्ग।
स्वतंत्रता के महायज्ञ में,
सर्वस्व की आहुति से उत्कर्ष।

क्षुद्र सोच की तोड़ बेड़ियाँ,
भारत माता को मुक्त करो |
सुखदेव भगत सिंह राजगुरु सम,
नूतन इतिहास रचकर मरो |

नई उमंग भरो प्राणों में,
मिट्टी का कण कण बोल रहा |
यह अमर धरोहर वीरों की,
वैजयंती सम्भालो सदा कहा |

दिलीप 'विद्या नन्दन'
पी. जी. टी. (हिन्दी)
केन्द्रीय विद्यालय नाभा छावनी

6

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत की आज़ादी के अब बरस पचहत्तर बीत चुके,
गम की काली छाया के अब दरिया सारे रीत चुके,
जन-गण-मन में जोश भरा, उत्साह उमगता है भारी,
भावी भारत की छवि देखो लगती है अनुपम न्यारी,
शौर्य और बलिदान की अमर कहानी का यह मेला,
उन वीरों को नमन जिन्होंने हँसकर मौत को झेला,

आज़ादी का अमृत महोत्सव है देश खुशी से मना रहा,
दुनिया के कोने-कोने में देखो आज तिरंगा लहरा रहा।

शून्य से शिखर का सफ़र किया तय पर है मंजिल दूर,
कुछ पीछे ही रह गए खड़े बेबस, लाचार और मज़बूर,
भूख-गरीबी की दलदल में देखो कुछ हैं अपने छूट गए,
कुछ चिंता में डूब रहे और कुछ न जाने क्यों रूठ गए,
मिलजुलकर कदम बढ़ाने को उनका विश्वास जगाना है,
रोटी, कपड़ा और मकान अब सबको उपलब्ध कराना है,

आज़ादी का अमृत महोत्सव है देश खुशी से मना रहा,
दुनिया के कोने-कोने में देखो आज तिरंगा लहरा रहा।

जल-थल-नभ में प्रगति प्रशस्त आलोक हमें फैलाना है,
सपनों में रंग भरने को कुछ लहू-श्रम धार बहाना है,
सीमाओं पर जो कब्ज़े हैं, उनको भी मुक्त कराना है,
हो 'राष्ट्र प्रथम' कर्त्तव्य यही हम सबको समझाना है,
मुरझाई जो केसर क्यारी उसको फिर से महकाना है,
विश्व गुरु बनकर जग को पथ शांति का दिखलाना है,

आज़ादी का अमृत महोत्सव है देश खुशी से मना रहा,
दुनिया के कोने-कोने में देखो आज तिरंगा लहरा रहा।

संजय कुमार,
पीजीटी (हिंदी)
केन्द्रीय विद्यालय, सेक्टर-8, रोहिणी

7

अमर शहीदों की याद

आओ याद करें उनको, जिन्हें भुला चुके हैं लोग यहाँ.
सूरज अस्त नहीं होता था अंग्रेजों के राज में।
चुभते थे वे अत्याचारी भारत माँ के ताज में।
निकल पड़े कुछ लोग घरों से, करने माँ की दूर चुभन।
मन में भर साहस अदम्य,और बांध रखा था शीश कफन।
तन घायल था मन घायल था, अधरों पर नये तराने थे।
उनके पास भी घर में, रुक जाने के कई बहाने थे।

माँ के आंसू घात जंग की, होली वाले थाप चंग की।
अंधी आँखें आस बाप की,दीवानों से मौत कांपती।
बहनों की कसमें राखी की,भाई की हिचकी बाकी थी।
पत्नी से मनुहार कल किये,कहती प्रियतम कहाँ चल दिए ?
छूटी नहीं हाँथ की मेहंदी,पायल थी घायल क्या कहती ?
कितने ही पांवों के बिछुए,उस जूनून में रहे अनछुए।

सर-सर बहती पवन सुहानी, कल-कल नदिया कहे कहानी
आखिर सबने मुंह की खाई,विजयी भव कह किया विदाई।
नहीं सताता घाम उन्हें, मालूम था परिणाम उन्हें।
भारत का भविष्य सजाया,ब्रिटिश जनों को दूर भगाया।

स्वाधीनता का सोपान,भावी पीढ़ी की हो पहचान.
पंद्रह अगस्त सन् सैंतालिस को,मिली आज़ादी इस देश को।

सोती किस्मत जगा गए वो, मौत से यारी निभा गए वो।
हमें दिलाकर अमन-चैन,सम्पूर्ण विश्व में सुख सम्मान।
मातृभूमि पर कर दिखलाये, दीवाने खुद को बलिदान।
अपने-अपने स्वार्थ भरे हम, कैसा है संयोग यहाँ ?
आओ याद करें उनको, जिन्हें भुला चुके हैं लोग यहाँ।

आर. एन. वर्मा
स्नातकोत्तर शिक्षक/प्रभारी प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय, मुंगावली

8

देश ये अखण्ड है

देश ये अखण्ड है, देश ये अखण्ड है।
कला व संस्कृति से ओतप्रोत खण्ड खण्ड है।।
हवाओं में फिजाओं में प्रेम की सुगंध है।
खलिहानों में वसुधा में संपदा अनंत है।।
धरती की सुषमा से खिला रंग रंग है।
भारती के पोषण से पुष्ट अंग अंग है।।
प्रेम गीत गाता सा भारती वसंत है।
योगिनी व कर्मठों की धरा ये स्वतंत्र है।।
सरिता व झरनों में अमृत जलपुंज है।
बन्धुता बिखेरते से यहां कुंज कुंज हैं।।
भारती के वीरों का दल बल प्रचण्ड है।
शत्रुओं को छिन्न करते ऐसे रणचण्ड हैं।।
है नहीं धरा पे ऐसा देश ये अखण्ड है।
भारत है नाम जिसका शौर्य भी प्रचण्ड है।।
देश ये अखण्ड है देश ये अखण्ड है।
विश्व गुरु कहलाता भारत अखंड है।।

रविन्द्र सिंह कुशवाह
प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक (संस्कृत)
केन्द्रीय विद्यालय करौली

9

आजादी का गौरव-गान

आओ आज करें गुणगान, आजादी का गौरव-गान।
याद करें उन वीरों को, हुए देश पर जो कुर्बान॥

याद करें हल्दी घाटी को, याद करें राणा का मान।
याद करें हम वीर शिवा को, करें याद जौहर का गान॥
याद करें कण-कण माटी का, याद करें शोणित की खान।
आओ आज करें गुणगान, आजादी का गौरव-गान ।। 1 ॥

अगणित लाल हुए न्यौछावर, अगणित भाई चिर विदा हुए।
मिटे अगणित सिंदूर भाल के, तब जाकर हम आजाद हुए॥
हुए मौन माटी के खातिर, नहीं शेष अब जिनका नाम।
आओ आज करें गुणगान, आजादी का गौरव-गान॥ 2 ॥

मध्य रात्रि शुभ वो घड़ी थी, आजादी की उड़ान भरी थी।
मुक्त गगन लहराया तिरंगा, जन-गण-मन की मधुर ध्वनि थी॥
लोकतंत्र की शान विश्व में , बनी हमारी कीर्ति-ललाम।
आओ आज करें गुणगान, आजादी का गौरव-गान॥ 3 ॥

अमृत महोत्सव आजादी का, भारत के यश का जय-गान।
भेदभाव का मिटा भेद सब, राष्ट्र कर रहा नव-उत्थान॥

साझा हों संकल्प सभी के, अंतर्मन से यह आह्वान।
आओ आज करें गुणगान, आजादी का गौरव-गान ॥ 4 ॥

डॉ. मनोज कुमार गुप्ता
स्नातकोत्तर शिक्षक (हिंदी)
केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1, कोटा (राज.)

10

अमृत काल का अभिनंदन

हम मना रहे हैं, आजादी का अमृत महोत्सव
पूरे देश में भाईचारे के साथ यह उत्सव

देश को आज़ाद हुए हैं, आज पचहत्तर साल
देश मे नहीं गली हैं, आतंकवादियों की दाल

घर, स्कूल, परिसर, देश कैसे रखें सुंदर
एकता, सुगंध, स्वच्छता हो मन के अंदर

पृथ्वी हमारी है खतरे में, उसे हम बचाएंगे
पेड़ लगाकर, प्रदूषण रोककर, स्वर्ग हम रचाएंगे

एन. ई. पी.-२०२०, से होगी देश में क्रांति
नवयुवकों को मिलेगी, मन की शांति

कोरोना से देश मे, गई कितनों की जान
कोविशील्ड, कोवैक्सीन ने बचाए, हमारें प्राण

स्त्री शिक्षा बढ़ने से होगी, जनसंख्या मे कमी
प्रौढ़ शिक्षा, स्त्री शिक्षा, जोड़ी खूब जमी

अंतर और समय में, पहले थी परेशानी
एक्सप्रेस- वे से हुई, यात्रा में आसानी

5- जी तकनीकी से, काम में आएगी गति
व्यवहार मे अब होगी, देश की प्रगति

अमृत महोत्सव में, देश को 'भोजराज' का वंदन
सिपाही, डॉक्टर, वैज्ञानिक, सभी का अभिनंदन

डॉ. भोजराज लांजेवार
प्राथमिक शिक्षक,
केन्द्रीय विद्यालय, आयुध निर्माणी, अंबाझरी, नागपुर

11

आओ मनाए आज़ादी का अमृत-महोत्सव

आओ मनाएँ आज़ादी का अमृत महोत्सव
ज्ञान, उत्साह, वीरता की गाथा का उत्सव
नत मस्तक हो उन वीरों के आगे
जिनके लहू ने चुकाया ऋण वसुधा का
आओ मनाएँ आज़ादी का अमृत महोत्सव
माँ, तू धन्य! तेरे असंख्य लाल,
सीना ताने अड़े तेरी रक्षा में हाथों में हाथ डाल,
अब समय नहीं बीती कहानी दुहराने का
अब समय है कुछ कर दिखाने का
आओ मनाएँ आज़ादी का अमृत महोत्सव
उन वीरों का है कर्ज़ चुकाना
साकार करना है बापू का सपना
भारत को आत्मनिर्भर है बनाना
स्वार्थ, हिंसा, चोरी, ठगी को है भगाना,
कुदृष्टि से, विकृति से है बचाना।
आओ मनाएँ आज़ादी का अमृत महोत्सव
आओ बच्चों! जन चेतना जगाएँ
स्वच्छता का मंत्र फहराएं,
शिक्षा रोज़गारयुक्त बनाएं
कला- कौशल को अपनाएं,

अलग अपनी पहचान बनाएं
विश्वगुरु भारत को बनाएं,
एकता की शक्ति दिखलाएं,
देख हर वीर इठलाए,
व्यर्थ ना उनकी कुर्बानी जाए,
आओ मनाएँ आज़ादी का अमृत महोत्सव॥

लता रामानुजन
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षिका
केंद्रीय विद्यालय केल्टोण नगर कण्णूर

12

गुलमोहर पिघलकर, जमीं पर बिछ गया था !

गुलमोहर पिघलकर,
जमीं पर बिछ गया था,
आज़ादी का दीवाना,
कहीं दिख गया था,
भगत सिंह था कि, चंद्र शेखर के जैसा,
अशफाक कहीं, कोई दिख गया था,
गुलमोहर पिघलकर,
जमीं पर बिछ गया था !

पर्वत - तक - वंदे,
मात्रम का घर था,
वो फिजा थी, के जाने,
जुनून - हर पहर था,
सुभाष ने, जय हिन्द,
कहा तो लगा - यूं,
अम्बर तक पहुंचा,
सुनहरा असर था,
इतिहास, खुद-ब-खुद कुछ,
अनोखा, लिख गया था,

गुलमोहर पिघलकर,
जमीं पर बिछ गया था !

बापू की लाठी - ने,
था, गुलामी को हाँका,
बस - चल पड़ा था,
हर वृद्ध और बांका,
निहत्थे हाथों में,
बस, इतना सा सपना,
हटे इस धरती से,
विदेशी हर टांका,
लहू जैसे पानी के,
मानिंद खिंच गया था,
गुलमोहर पिघलकर,
जमीं पर बिछ गया था !

यह मेरी धरा है,
माँ – भारती है,
स्वातंत्र्य धारा,
अब आरती है,
हर दिशा, ने कहा था,
भर सृष्टि, नयन में,
जरा रुकना - मृत्यु,
ये मन सारथी है,
अमर एक समर,
बन, अमिट गया था,

गुलमोहर पिघलकर,
जमीं पर बिछ गया था !

अवनि प्रकाश श्रीवास्तव
स्नातकोत्तर शिक्षक गणित
केन्द्रीय विद्यालय वाहन निर्माणी (प्रथम पाली), जबलपुर

13

75 नॉट आउट

याद करें आपाधापी
छटपटाहट मुक्ति की
अंग्रेजों की गुलामी से
गुलामी से आज़ादी की।

नया हिंदुस्तान बन रहा था
विभाजन भी सुनिश्चित था
ऊहापोह, डर का माहौल था
अपनों से बिछड़ना भी था।

सर्वत्र निछावर करने वालों
का भारत भी बनाना था,
बहुत जो, कर गुजरना था
हमको, साबित करना था।

हालात ने जैसा देश हमें दिया
हमने सहर्ष स्वीकार किया,
सच यही, अब यही सच्चाई है।
पिछली बातों की अब जगह नहीं

जो सपने वीरों ने देखे थे
साकार, आकार सब दे रहें।
असल आजादी को हर द्वार पर
आमजन, आदिवासी, निवासी
प्रवासी सब तक पहुँचाना है ।

अपने-अपने हिस्से की जिम्मेदारी
अपने कंधों पर सबको है उठानी
नेता, अभिनेता, कर्मचारी, गृहणी
मिलकर श्रेष्ठ भारत है, बनाना

युवा नए कीर्तिमान गढ़ रहे
अन्वेषण में कमाल कर रहे
स्टार्टअप, खेलों, राजनीति में भी
गौरवशाली हिंदुस्तान गढ़ रहे
देश की आन-बान शान को
आगे, और आगे बढ़ा रहे।

जो कसक थोड़ी रह गई
कमर कस कर, पूरा कर रहे
योग, ज्ञान-विज्ञान शौर्य का
शंखनाद है सब ओर, नया भारत
सबके आंखों में रहा है, तैर
बस उसका एक हिस्सा भर बन।

नया भारत है, पैर जमीन पर रख
मंगल तक का सफर रहा है, कर।
बस उसका एक हिस्सा भर बन।
बस उसका एक हिस्सा भर बन।

राजेश कुमार
टीजीटी, कार्यनुभव अध्यापक
केंद्रीय विद्यालय रायवाला, देहरादून

14

महोत्सव में, मैंने भारत को जाना है

स्वर्णिम इतिहास से, कंप्यूटर युग की ओर,
देश हमारी चल रही है उन्नति की ओर,
आत्मनिर्भर भारत ,बनाने का, हमने ठाना है,
शान से, हर घर तिरंगा फहराकर,
अनेकता में एकता, हमने जाना है ,
महोत्सव में, मैंने भारत को जाना है!

देश के भविष्य की,अतीत से पहचान कराना है ,
तब, सोने की चिडिया कहते थे ,
आज डिजिटल युग के, क्नेश्ता है!
योग,आयुर्वेद से , संसार को ज्योतिमान कराया है,
आत्मनिर्भर भारत बनाने का, हमने टाना है
महोत्सव में, मैंने भारत को जाना है!

वसुधैव कुटुम्बकम का नारा सदा हमने अपनाया है,
उत्कृष्ट निडरता सीमा पर, वीरों ने सदा दिखाया है,
अनगिनत वीरों की गाथा, महोत्सव मे मैंने जाना है
समृद्ध संस्कृति, उप्लब्धियों को मैंने पहचाना हैं,
कल डांडी मार्च, तो हमने आज फ्रीडम मार्च से,

आत्मनिर्भर भारत बनाने का हमने ठाना है,
महोत्सव में, मैंने भारत को जाना है!

पी डी डाल्लि
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षिका (गणित)
केंद्रीय विद्यालय तिरुमलगिरि

15

आज़ादी और आत्मविश्वास

तुम डरना नहीं कभी भी जीवन में अँधेरे से,
हर अँधेरे को जीतना एक नए सवेरे से,
क्योंकि अँधेरे तो जीवन का अंग हैं,
और उजाले भी अंधेरे के संग हैं।

यदि अँधेरे नहीं होते,
तुम उजाले की अनुभूति नहीं कर पाते ,
और कभी भी अपने जीवन का
मतलब नहीं समझ पाते।

मैं डरती हूँ उन लोगों से जो हार जाते हैं,
वे अपने जीवन में कभी विजय नहीं पाते हैं,
तुम डरना नहीं कभी जीवन में सच्चाई से,
प्रगतिशील पथ में , मैं सदैव तुम्हारे साथ हूँ
मैं कोई ग़ैर नहीं , तुम्हारा आत्मविश्वास हूँ।

फलस्वरूप आज़ादी का अमृत महोत्सव
महोत्सव है बलिदान और आत्मविश्वास का
हमें गर्व है अपनी जन्म भूमि के सपूतों
व उनके आत्मविश्वास पर

जिन्होंने आज़ादी दिलाई बिना हार माने।
उन सबको महोत्सव पर शत शत नमन।

स्वर्ण लता शर्मा
टी॰ जी ० टी॰ (गणित)
डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय विद्यालय, राष्ट्रपति भवन

16

हम श्रद्धा सुमन चढ़ाते जाएँ।

नींव के पत्थर के कारण ही कंगूरा चमक पाता है
आधार उसका पाकर ही तो नभ में दमक पाता है
ऐसे ही थे कई वीर सपूत जो बेनामी में खो गए
आजादी का महल बनाकर गुमनाम से हो गए।

वतन के रखवालों में उनका भी नाम लिया जाए
इतिहास ने भुलाया जिनको उनको याद किया जाए
मर गए हंसते-हंसते जो सीने पर गोली खाकर के
देशभक्ति का जज्बा सबको यूं ही सिखा करके।

स्वतंत्रता के यज्ञ में निस्वार्थ आहुति उन्होंने दी
भारत माँ के खातिर ही तो जिंदगानी उन्होंने जी
नहीं चाहिए और कुछ केवल देशभक्ति प्यारी थी
सिर कटते चले गए पर हिम्मत कभी न हारी थी।

जलियांवाला बाग हो या फिर स्वतंत्रता- संग्राम
नहीं जानते आज भी हम उन कई वीरों के नाम
महान उनकी हस्ती और अविस्मरणीय योगदान
वंदे मातरम गाते-गाते हुए अमर थे वीर जवान।

आजादी का अमृत महोत्सव आज हम मनाते हैं
उन अमर बलिदानियों की गौरवगाथा गाते हैं
माखनलाल चतुर्वेदी के पुष्प सभी बन जाते हैं
विजयी विश्व तिरंगा प्यारा शान से लहराते हैं।

75 साल की आजादी के गीत खुशी से गाते जाएँ
आत्म-निर्भरता का मंत्र जीवन में अपनाते जाएँ
अमर जवानों की गाथाएं पढ़ते और पढ़ाते जाएँ
उन सबको याद करें हम श्रद्धा सुमन चढ़ाते जाएँ।

संदीप शर्मा
प्र. स्ना. शिक्षक - संस्कृत
के. वि. सी. सु. बल, डाबला, जैसलमेर

17

आजादी का उत्सव

हम सबको प्यारा है यह उत्सव,
आजादी का अमृत महोत्सव।
सब उत्सवों से अनूठा उत्सव
आओ हम मनाएँ यह महोत्सव।

जाति, धर्म, भाषा सबसे जो ऊपर,
किया है अधिकार, जिसने दिलों पर ।
आजादी का यह पचहतरवाँ वर्ष,
दे रहा हम सबको खूब हर्ष।

विदेशों में भी मचाई, जिसने धूम,
हर देश में अपना तिरंगा रहा झूम।
अमेरिका, कनाडा, आस्ट्रेलिया, दुबई
पहचान सब देशों में इसने बनाई।

75 वर्षों की यह उपलब्धि,
बढ़ी भारत की सुख समृद्धि ।
हर राज्य सजा सुंदर, सलोना
जगमग करता हर एक कोना।

आजादी के उत्सव की यह कथा,
क्रांतिकारियों की उज्ज्वल गाथा।
शौर्य और बलिदान की महागाथा,
जिससे हुआ ऊँचा अपना माथा।

अपना स्वर्णिम इतिहास बताने को,
रक्तरंजित मार्मिक कथा जताने को।
शोषण और अत्याचार की मर्म व्यथा को,
देश के जन- जन तक पहुँचाने को।

बच्चा- बच्चा इस उत्सव को जाने,
अपनी गरिमा गौरव को पहचाने।
अतीत के स्वाभिमान को माने,
सन्नद्ध हो उत्कर्ष, अभिमान जगाने ।

हम सबको प्यारा है यह उत्सव ,
आजादी का अमृत महोत्सव।
सब उत्सवों से अनूठा उत्सव
आओ हम मनाएँ यह महोत्सव।

डॉ. सीमा शरण
स्नातकोत्तर शिक्षिका, (हिन्दी)
केन्द्रीय विद्यालय, काशीपुर

18

राष्ट्र जागरण पर्व

स्वाधीन हो उठने को जब प्रत्येक जन-मन आकुल हुआ,
हृदय सिंधु भी जब युद्धघोष को व्याकुल हुआ,
परतंत्रता की बेडियाँ तोड़ने को तत्पर तब,
प्रत्येक जन-गण-मन अधिनायक हुआ।
आह्वान था यह भी एक ऐसे समुद्र मंथन का,
जहाँ बंधन गरल और मुक्ति-भाव अमृत हुआ।
स्वतंत्रता की ऊर्जा का अमृत स्त्रोत, हर हिय में प्रतिपल बह रहा।
शूरवीरों की रक्त-सुधा प्रेरणा का पारावार, हमसे कुछ कह रहा।
नव चेतना, दृढ़ संकल्प लें, विकास पथ पर तुम कुछ ऐसे बढ़े चलो,
कि इस धरा से उस गगन तक माँ भारती का ही सर्वत्र प्रतिबिम्ब हो।
चहुँ दिसि भारतीयों के नवोन्मेष, उद्यम की सुरधारा बहे
मंगल से लेकर चंद्रमा तक हम भारतीयों की विजय पताका रहे।
सुशासन का साकार स्वर्णिम स्वप्न यह, विश्व शांति व विकास का त्यौहार है।
'वसुधैव कुटुम्बकम्' भाव से ओत-प्रोत यह आजादी का अमृत महोत्सव,
हर भारतीय के उर का अमिट निशान है।
राष्ट्र जागरण के इस पर्व का हर क्षण पावन और महान है।

तरुणा शर्मा
प्र. स्ना. शि. (संस्कृत)
केन्द्रीय विद्यालय, गज्ज, भुंगा
होशियारपुर, पंजाब

19

दिल मांगता था आज़ादी

दिल मांगता था आज़ादी, जब कैद थे हम अपने ही देश में।
आह भरते हुए लंबी-लंबी सांसे भरते थे, जब घुटते थे हम अपने ही परिवेश में।
कभी मुगल, कभी अंग्रेज, तो कभी देश को लूटा, अनेक असंख्य आक्रमणकरियों ने।
पर इन आततायियों से मुक्ति दिलाने हेतु, जन्म लिया सुभाष, भगत, गांधी व शिवाजी जैसे क्रांतिकारियों ने।
इन्हीं की सूझ बूझ व बलिदान स्वरूप आज मना रहे हैं हम, अपनी आज़ादी का अमृत महोत्सव ।
चढ़ाकर श्रद्धा सुमन आज करते हैं इनको हृदय से नमन, क्योंकि इन्हीं की वजह से हम रोज मनाते हैं अपने घरों में दीपोत्सव।
कल तक जहां एक महिला का होता था, जगह-जगह पर शोषण |
आज वहीं एक महिला राष्ट्रपति बन, करती है इस राष्ट्र का पोषण।
कल तक चांद पर पहुंचना था, जहां एक सपना |
आज वहाँ मिशन मंगल दिखा चुका है, दम अपना।
कल तक बेरोजगारी को लेकर युवकों के दिलों पर चलते थे, अनगिनत तीर |
वहीं आज देश की सुरक्षा हेतु, वो युवा ही कहलाएंगे अग्निवीर।
कभी बीन सपेरों का देश कहलाने वाला भारत, आज खेल, विज्ञान, शिक्षा, गीत-संगीत और व्यापार में बना चुका है, विश्व में अपनी एक खास पहचान।
इसलिए करते हैं आज ये प्रण कि आज़ादी के 100 वें साल तक, अपने ज्ञान और सुझबुझ से इस देश को विश्वगुरु बना, बढ़ा देंगे इस देश की शान।

मोनिका वर्मा
टी.जी.टी. कार्यानुभव
केंद्रीय विद्यालय ए.जी.सी.आर कॉलोनी,
दिल्ली

20

आज़ादी की मर्यादा

जो आज़ादी का अर्थ न समझे
उस मानव मन को प्रश्न करूँ ।
इस आज़ादी के अमृत काल का
मर्यादा से श्रृंगार करूँ ।।

वाणी विचार के विकृत तरंग
उन्मुक्त अश्व से चल जाएँ ।
आघात करें मानव मन को तो
उन सर्पों का दमन करूँ ।।
इस आज़ादी के अमृत काल का
मर्यादा से श्रृंगार करूँ ।।

आज़ादी का अर्थ नहीं हम
विस्मृत अपना स्वत्व करें ।
जो राष्ट्र चेतना खण्ड करें
ऐसी वाणी का दमन करूँ ।।
इस आज़ादी के अमृत काल का
मर्यादा से श्रृंगार करूँ ।।
आज़ादी का अर्थ छिपा था
स्वातंत्र्य वीरों की वाणी में ।

अहिंसा शोभित आज़ादी का
वैष्णव जन यशगान करूँ ।।
इस आज़ादी के अमृत काल का
मर्यादा से श्रृंगार करूँ ।।

अभिव्यक्ति की आज़ादी को
स्वार्थ हेतु जो अपनाएं ।
जो मानव मन में द्वेष भरें
उन विष वचनों का शमन करूँ ।।
इस आज़ादी के अमृत काल का
मर्यादा से श्रृंगार करूँ ।।

चेतदान चारण
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक, संस्कृत
केन्द्रीय विद्यालय, डूँगरपुर

21

बची है जिंदगी थोड़ी

बची है जिंदगी थोड़ी,
चलो इसे बढ़ाया जाए ,
कहीं नीम, कहीं पीपल
कहीं बरगद लगाया जाए ।

बड़ी शोर मचाती हैं
शहरों को निकली ये सड़कें,
चलो छोड़ इन्हें आज
फ़िर पगडंडियों पर चला जाए ।

सुबह कलरव सुनाई नहीं पड़ता
परिंदे न जाने कहाँ उड़ चले ,
घर में आँगन रहे न कोई पेड़
अब उन्हें कहाँ बसाया जाए ?

उजड़ गए खेत - खलिहान
बारिश का इंतजार करते-करते,
जंगलों के रास्ते भटके जो बादल,
उन्हें खेतों तक फिर लाया जाए ।

सूने कुएँ, तालाब, बावड़ियाँ सब
अनमोल निशानी हैं बुजुर्गों की,
इन्हें हर गाँव, गली - खोर पर
फ़िर घर - घर बचाया जाए ।

रवीन्द्र कुमार यादव
पीजीटी (हिंदी)
केन्द्रीय विद्यालय सीआईएसएफ भिलाई

22

लौट चलो बचपन की ओर

चलो, चलो अपनी मासूमियत हम ढूंढ कर लाते हैं,
चलो फिर से हम बचपन में खो जाते हैं।

चलो, चलो रोजमर्रा की भागदौड़ को छोड़ो,
चलो फिर से हम बच्चे बन जाते हैं।

चलो, चलो छोड़ इस तकनीकी जमाने वाले मोबाइल अलार्म को,
चलो मीठी नींद के रंग- बिरंगे सपनों में खो जाते हैं।

चलो, चलो हम बस्ता ले फिर से स्कूल जाते हैं.
चलो दोस्तों संग मस्ती कर सारे गम भुलाते हैं।

चलो, चलो आधुनिकता के मोबाइल गेम और वेब सीरीज को त्याग कर,
चलो दूरदर्शन के महाभारत और शक्तिमान में रम जाते हैं।

चलो, चलो एसी की शीतलता को छोड़कर,
चलो धूप में साइकिल दौड़ाते हैं|

चलो, चलो ज़िम्मेदारियों को रख कर परे,
चलो दोस्तों संग उजले से बारिश के पानी में काग़ज़ की कश्तियाँ चलाते हैं।

चलो, चलो दुःख दर्द सब भूल कर,
चलो नीली-पीली तितलियों के पीछे दौड़ लगाते हैं।

चलो, चलो महंगे होटलों की दावत को छोड़कर,
चलो मां के हाथ का बना ताजा दाल-भात खाते हैं।

चलो, चलो एक दूसरे के प्रति द्वंद्वता और दिखावे के अपनेपन को छोड़कर,
चलो हम दिल से अपनापन निभाते हैं।

चलो, चलो बचपन की यादों के दीये को दिल से कभी बुझने न देना,
चलो मन के बच्चे को फिर से जगाते हैं।

सुमन देवी
प्राथमिक शिक्षिका
केंद्रीय विद्यालय जेएनयू (आईआईटी शाखा)

23

गांधी थे तुम सबसे प्यारे

गांधी थे तुम सबसे प्यारे
थे तुम पूज्य हमारे
जीवन जीने का मन्त्र दिया
कर्म राह का तंत्र दिया

सत्य मार्ग के तुम थे प्रहरी
अहिंसा का तुमने मन्त्र दिया
सत्याग्रह को अस्त्र बनाया
मानव को बलिदान सिखाया

हे गांधी तुम फिर से जागो
सत्य राह सबको दिखलाओ
जीवन तेरा आदर्श बन गया
पुण्यमूर्ति बन राह दिखा गया

अनुशासित था तेरा जीवन
पुष्पित करता सबका जीवन
सहनशीलता तुमने सिखाई
देश प्रेम की अलख जगाई

बापू तुम सबके बापू थे
जीते जी और मरकर भी
तुमसे हममें संयम आया
हमको भी सत्यमार्ग है भाया

हे गांधी तुम फिर से आना
वही आदर्श अपने संग लाना
पावन करना इस भूमि को
एकता, शांति के दीप जलाना

साकार नहीं हुए तेरे सपने
टूटे – टूटे, बिखरे – बिखरे
संघर्ष तेरा रह गया अधूरा
मानव, मानव हुआ न पूरा

हे गांधी तुम फिर से आओ
भ्रष्टाचार से मुक्त कराओ
आधुनिकता की इस अंधी दौड़ से
हम सबको मुक्त कराओ

हे गांधी तुम फिर से आओ
हे गांधी तुम फिर से आओ

अनिल कुमार गुप्ता
पुस्तकालय अध्यक्ष
केंद्रीय विद्यालय दप्पर, पंजाब

24

अमृत काल में

वंदन वचन कर्म से
भारत भूमि जय हो।
हर नर और नारी में
हर बच्चे और वृद्ध में
आशा की किरण हो।
जन-जन का कल्याण
निहित हो ।
ऐसा मेरा भारत महान हो।

अमृत काल के हर सुअवसर पर
चेतना प्रस्फुटित हो
हर नर-नारी में
सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय
का अवतरण हो।
मानव में चिंतन हो
प्रकृति सर्वोपरि हो, वातावरण
पीढियों तक जीने के अनुकूल हो।
ऐसी हमारी नीति सर्वोकार हो।

न कहीं क्रंदन हो, मन में भी
कही न भय हो।
अपना सा सब को लगे
हर कोई खुशहाल हो।
नौजवान को रोजगार
बीमार को अच्छा इलाज
बच्चों को नीति की शिक्षा
जिससे वे सृजनात्मकता
विवेचनात्मकता का बोध
करें नव अन्वेषण
वातावरण अनुकूलित जीवन हो।
सदाचार का बोल बाला हो।

हर पल, हर क्षण
नवीन सृजन का बोध हो।
विश्व पटल पर भारत तेरी जय हो।
मन में उल्लास, नित्य आगे
बढ़ने का प्रण हो
हर कोई स्वतंत्र हो
न कहीं द्वेष और
दुष्प्रचार हो।

इस अमृत बेला पर
राजनीति, धर्मनीति
और मानवनीति में
मेल हो।
सुसंस्कारों का प्रादुर्भाव हो।

भूखा, बीमार कोई लाचार ना हो।
स्त्री सम्मान हो।
लिंग भेद, वर्ग भेद और
जाति भेद का नाम ना हो।
हर कोई कल्याण में हो।
प्यार में हो।
जन जन में राम और रहीम का
वास हो।
धर्मभेद न हो।
ऐसा मेरा भारत महान हो।

सत्यनारायण
प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय, सेक्टर- 2 रामकृष्ण पुरम, नई दिल्ली

25

आज़ादी का मोल

पैरों में हैं बेड़ियाँ,
मुख तक सके न खोल।
जाकर उससे पूछिए,
आज़ादी का मोल।।

प्राणों से प्यारा लगे,
भारत देश महान।
चलो बनाएं विश्व में,
अव्वल हिन्दुस्तान।।

मुस्लिम जन गीता पढ़ें,
हिन्दु पढ़ें कुरान।
भेदभाव सब दूर हों,
है मेरा अरमान।।

जाति-धर्म के नाम पर,
करो नहीं अभिमान।
प्यारे हिन्दुस्तान पर,
न्योछावर है जान।।

सीमा पर तैनात हैं,
लिए गजब उत्साह।
कफन तिरंगा ही बने,
हर सैनिक की चाह।।

ओढ़ तिरंगा घर गयी,
जब बेटे की लाश।
रोक नयन के नीर को,
माँ बोली शाबाश।।

धरती की माटी लगा,
माथे तिलक समान।
भारत माँ की शान में,
न्योछावर है जान।।

मिलकर सभी मनाइए,
आजादी का पर्व।
हिन्दुस्तानी होने का,
हमें बहुत है गर्व।।

वीर सपूतों का सदा,
अमर रहेगा नाम।
अमर शहीदों को करें,
मिलकर सभी प्रणाम।।

मनोज शर्मा
सहायक अनुभाग अधिकारी
केंद्रीय विद्यालय हैप्पी वैली, शिलांग

26

कैसे मिली होगी आज़ादी!

क्या लगता है आपको,
कैसे मिली होगी आज़ादी!

स्त्री, बच्चों के रोने से
वीर जवानों के खोने से,
उनके सामने हाथ जोड़ने से
या अंग्रेजों के सिर फोड़ने से!
क्या लगता है आप को, कैसे मिली होगी आज़ादी!

भर-२ जेलों को ठोकने से,
या फिर रेलों को रोकने से
भारत छोड़ो के नारों से
या शहीदों पर हुए प्रहारों से
क्या लगता है आपको, कैसे मिली होगी आज़ादी!

सत्य, अहिंसा की बोलियों से
सीने पर खाई गोलियों से,
सुहागिनों के सुहाग उजड़ने से
या फिर अंग्रेजों के आगे अड़ने से
क्या लगता है आपको, कैसे मिली होगी आज़ादी!

असेंबली में बम मारने से,
विरोध में भाषण झाड़ने से,
सेना नेताजी की खड़े करने से
या लाला जी के अड़े रहने से
क्या लगता है आपको, कैसे मिली होगी आज़ादी!

युवाओं के खपने से,
बुजुर्गों के तपने से,
औरतों की चीत्कार से,
या बच्चों की हाहाकार से
यह लगता है मुझको, ऐसे मिली होगी आज़ादी ॥
क्या लगता है आपको, कैसे मिली होगी आज़ादी!

अमन कुमार
प्राथमिक शिक्षक
केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-3 नारायणा

26

तिरंगे की आवाज़

आज़ादी की अमर कथा का,
एक-एक पहलू खोल रहा,
लाल किले के परकोटे से,
लहराता तिरंगा बोल रहा ||1||

भारत माँ के वीर जवानों,
सरहद पर तुम छा जाओ,
करता यदि कोई गुस्ताखी,
सबक उसे तुम सिखलाओ ||2||

शौर्य भगत सिंह का मत भूलो,
मत भूलो मंगल की हुंकार,
सुखदेव, तिलक और गाँधी को भी,
मुझ से तो था अतुलित प्यार ||3||

महफ़ूज़ रखो इस आज़ादी को,
जो बलिदानों से आई है,
वीरों के प्राण न्यौछावर करके,
कठिनाई से पाई है ||4||

याद उन्हें भी करना होगा,
अहिंसा थी जिनका हथियार,
थाम रखी थी अपने हाथों
रण में नौका की पतवार ||5||

नमन करो उन माताओं को,
जिनने खोए अपने लाल,
डटे रहे जो अविचल होकर
चाहे शत्रु हो विकराल ||6||

वीरों की इन भार्याओं का,
क्या त्याग न जौहर से कम है,
खोकर अपना सुहाग देश पर
आंखें उनकी नहीं नम है ||7||

वीरों की चिता की अग्नि में
तुम तेज सूर्य सा पाओगे
होगा सच्चा हवन वही जब
उनकी यश गाथा गाओगे ||8||

आज़ादी का यह अमृत वर्ष,
अति पावन हो जाएगा,
कोटि-कोटि जन मानस जब,
जन-गण-मन को गाएगा ||9||

भारत माँ की वत्सल भूमि,
करती है अब खुद पर नाज़,
आज़ादी की अमर कथा को,
जब कहता पुनः तिरंगा आज ||10||

विवेक नीमा
मुख्याध्यापक
केंद्रीय विद्यालय बैंक नोट मुद्रणालय देवास

28

क्या पार लगेगी ये नौका ?

इन घोर अँधेरी रातों में
जीवन के झंझावातों में
खोये हो कहाँ मेरे साथी
मुश्किल के इन हालातों में

ऐसे में फिर तुम ही बोलो
क्या पार लगेगी ये नौका
कहीं निकल न जाये फिर मौका

सुख हमको खींच बुलाते हैं
हम बातों में आ जाते हैं
जब समय चला जाता है तब
हम करनी पर पछताते हैं

ऐसे में फिर तुम ही बोलो
क्या पार लगेगी ये नौका
कहीं निकल न जाये फिर मौका

दुनियाँ तो एक तमाशा है
नियति ने फेंका पासा है

माना है कठिन विजय पाना
पर संघर्षों से आशा है

ऐसे में फिर तुम ही बोलो
क्या पार लगेगी ये नौका
कहीं निकल न जाये फिर मौका

माता पिता गुरू की मानो
तुम हो विशिष्ट ये पहचानो
जब जागो तभी सवेरा है
उठो पुनः प्रण को ठानो

ऐसे में फिर निश्चित है ये
उस पार लगेगी ही नौका
तुम मारो मौके पे चौका।

दीपक कुमार
पीजीटी (सीएस)
केन्द्रीय विद्यालय आयुध उपस्कर निर्माणी
हजरतपुर, फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश

29

मेरा भारत महान

वर्षों की पराधीनता के पश्चात्
हमने आजादी को पाया है |
यूँ ही आजादी नहीं मिली हमें.
गुमनाम शहीदों ने किरदार निभाया है |
अध्यात्मिकता और सुधारों के बल पर.
समाज सुधारकों ने नव जीवन संचार कराया है |
न जाने कितनी बेड़ियों को तोड़ कर,
भारत ने लोकतंत्र प्रणाली को अपनाया है |
संसदीय प्रणाली, मूल अधिकार समय पर, चुनाव
और सूचना के अधिकार जैसे प्रयोगों को अपनाया है |
आओ मिलकर भारत की गाथा का गुणगान करें,
आजादी का अमृत महोत्सव मनायें,
और अपनी खोई हुई विरासत
विश्व के समक्ष प्रस्तुत कर,
उस पर अभिमान करें |

सिम्मी सिंह
टी.जी.टी (सा.अ.)
केन्द्रीय विद्यालय सिख लाईन्स मेरठ

30

अमर सपूतों का संघर्ष

आज़ादी का अमृत महोत्सव, पावन अमिट बनाएँ
शहीदों को करके नमन ,उनकी गुण गाथा गाएँ |
घर से चला था एक लाल ,
धूली चरण माँ की लेकर
शूरवीर, रणभूमि चला
सर पर काँटों का ताज पहन |
अस्त्र शस्त्र में था पारंगत
तोपों -गोलों से उसको प्यार
टूट पड़ा था दुश्मन पर
भरकर विजय की तीव्र हुँकार|
दोनों ओर से चली गोलियाँ
नभ तक थी शोलों की मार
ज़मीं-आसमां रक्त रंजित थे ,
चहुँ ओर था हाहाकार |
ये लाल तेरा माँ खूब लड़ा
करनी फतह थी देश की जंग
कर सलाम, विजयी तिरंगे को
हार गया जीवन की जंग
सपूत देख तिरंगे में
माँ ने आसूँ छिपा लिए

बोली -
गर्व मुझे तेरी माँ होने पर
जो तुझ जैसा बेटा जना,
जो देश की खातिर मिट गया ,
पर तिरंगा ऊँचा कर गया |
लाल तो मेरा चला गया
और लाल हैं बाकी ,
गर ख़ुद को भी मिटना पड़ा
तो शीश मेरा है काफी |

नीलम कुमार ' नील'
पी.आर.टी
केन्द्रीय विद्यालय सिख लाईन्स,मेरठ

31

मंगल कामना

भाषाओं, उप भाषाओं एवं बोलियों की बहुलता ,
पर एक राष्ट्रभाषा हिंदी, बाँधती व लाती हम में एकता ।
संस्कारों, आदर्शों एवं दर्शन की विविधता,
पर मिलकर बनती एक भारतीय संस्कृति, रचती, बसती जिसमें माटी की सुगंधता। अमृत महोत्सव के मंगल सुयोग पर, आओ! पहचाने भारतवर्ष की महानता।।

विविध जाति, धर्म, प्रांत का यहाँ सानंद सह गान,
एक भारतीय के रूप में विश्व पटल पर पाते हम पहचान ।
अखंड भारत की परिकल्पना पाती विश्व में सम्मान,
होता विश्व में हमारा अभिनंदन, वंदन, गौरव गान ।
अमृत महोत्सव के मंगल सुयोग पर, आओ! गुने भारतवर्ष की महानता ।।

धर्म, नियति, पूजा, वंदना, पाप-पुण्य जैसे अनेकानेक विचार,
फिर भी एक ईश्वर, एक आस,एक विश्वास जीवन आधार ।
ऋषि-मुनियों की वाणी, वेद पुराणों का मर्म, योग-साधना की अविराम परंपरा,
सब ज्ञान का यही सार, सुकर्म से ही है सबका उद्धार ।
अमृत महोत्सव के मंगल सुयोग पर, आओ! बढ़ाएँ भारतवर्ष की महानता ।।

बनीं रहें ये सब सुनिधियाँ, मेरे भारत विशाल की,
वह और फूले, फले, फैले, अमर रहे, यही मंगल कामना इस मन की ।।

ज्योति साजनानी
स्नातकोत्तर शिक्षिका (हिंदी)
केंद्रीय विद्यालय, क्रमांक-3, झालाना डूंगरी

32

मेरा देश ही महान हो

मेरी नीति से, मेरी गीति से
मेरी भक्ति से, मेरी शक्ति से
मेरा देश ही महान हो।
मेरे चिन्तन से, मेरे वचन से
मेरे अध्ययन से, मेरे अभियान से
मेरा देश ही महान हो।
मेरे धर्म से, मेरे कर्म से
मेरे चर्म से, मेरे मर्म से
मेरा देश ही महान हो।
मेरी कृति से, मेरी धृति से
मेरी मति से, मेरी प्रगति से
मेरा देश ही महान हो।
मेरे आचरण से, मेरे अनुकरण से
मेरे तर्पण से, मेरे समर्पण से
मेरा देश ही महान हो।
मेरे विचार से, मेरे व्यवहार से
मेरे सम्मान से, मेरे अभिमान से
मेरा देश ही महान हो।
मेरे संकल्प से, मेरे विकल्प से
मेरे अनुनय से, मेरे विनय से

मेरा देश ही महान हो।
मेरे अनुराग से, मेरे अनुशासन से
मेरे उद्घोष से, मेरे जयघोष से
मेरा देश ही महान हो।
मेरे आदान से, मेरे प्रदान से
मेरे जीवन से, मेरे मरण से
मेरा देश ही महान हो।

सरिता जानू
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षिका (संस्कृत)
केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-3, झालाना डूंगरी

33

देश हित में बहाव की जरूरत है

आजादी का अमृत महोत्सव है यारों,
देश हित में बहाव की जरूरत है अब,
तुम हिंदू मैं मुसलमान करना छोड़ दो,
आपसी लगाव की जरूरत है अब,
आजाद हुए पचहत्तर वर्ष हो गए,
बहुत कुछ बदलाव की जरूरत है अब,
कब तक हाथ जोड़े व सिर झुकाए रहेंगे,
अन्याय से टकराव की जरूरत है अब,
जो डरता है उसी को डराती है दुनिया,
अपने भी प्रभाव की जरूरत है अब,
दुश्मनों से दो-दो हाथ करना ही पड़ेगा,
सीने में अलाव की जरूरत है अब,
बिखरे रहोगे तो लूट लेगी दुनिया,
भाईचारे व जुड़ाव की जरूरत है अब,
नैतिक मूल्यों व संस्कारों को बढ़ाना है,
इस ओर भी झुकाव की जरुरत है अब,
आजादी का अमृत महोत्सव है यारों,
देश हित में बहाव की जरूरत है अब !!

डॉ. अरविंद शर्मा
प्र. स्ना.शिक्षक (हिंदी)
केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 3, झालाना डूंगरी

34

आज़ादी का अमृतमहोत्सव

आया उत्सवों में उत्सव हमारा,
आज़ादी का अमृतमहोत्सव प्यारा।

आओ याद करें उनकी इस कुर्बानी को,
शहीदों ने रक्त से सींचा धरती की इस कहानी को।

गाँधी, शेखर, भगत और न जाने कितनों ने भारत को बचाया है,
सिर कटाकर स्वयं का तिरंगा लहराया है।

देखे थे कुछ सपने वीरों ने भारत को स्वर्ग बनाने के ,
प्रगतिशील भारत को विश्व शिखर पर लाने के।

आज़ाद हुए हम सब चंद जिम्मेदारियों के साथ ,
देश को आगे बढ़ाएंगे लिए हाथों में हाथ।

हर बच्चा हो स्वस्थ न हो कुपोषण का शिकार ,
जीवन उनका खिल उठे मिले भरपूर दुलार।

देश का हर नागरिक शिक्षित हो , कर सके अपना जीवन – यापन ,
महिलाओं को भी उचित शिक्षा मिले, मिले उन्हें भी मान – सम्मान।

देश में हो पर्याप्त कारखानों का वास ,
उचित नौकरी हो हर युवा के पास।

बहनें देश की सुरक्षित हों , चल सकें मार्ग पर निडर
कोई अग्निदाह न हो , समृद्ध हो घर – घर।

देश गौरवशाली बने , करके भ्रष्टाचार को दूर ,
शहीदों के सपने पूरे कर , अपनाएँ सदाचार का नूर।

बेईमानी को भूल , बढ़ें ईमानदारी की ओर ,
तभी आज़ादी का मान बढ़ेगा , होगी सुंदर नई भोर।

नेता सभी अपना दायित्व निभाएं , सुन जन-जन की बात ,
सभी मुद्दों की सुनवाई हो तभी छँटेगी काली रात।

आओ सब मिलकर यह सोचें – देश को आगे बढ़ाएंगे ,
आज़ादी का अर्थ समझ इसका मान बढ़ाएंगे।

वीरों के बलिदान को व्यर्थ न हम जाने देंगे ,
सभी मिलकर एक साथ उनके सपनों को पंख देंगे।

आज़ादी का अमृत महोत्सव मात्र एक दिखावा न हो ,
सभी अपना कर्तव्य समझें , तभी उत्सव का दावा हो।

गरिमा जोशी
प्राथमिक शिक्षिका
केन्द्रीय विद्यालय, भारतीय सैन्य अकादमी, प्रेमनगर, देहरादून

35

मिलकर मनाएं पर्व

देश का कण - कण हर पल गा रहा है तराना,
मिलकर मनाएं पर्व यह, अमृत महोत्सव सुहाना।

आजादी के पचहत्तर वर्षों पर यह मौका आया है,
मन झूम- झूम कर नई उमंग से लहराया है ।
देशवासियों ने हर क्षेत्र में नाम कमाया है ,
देश विकास के हर पथ पर आगे बढ़ आया है।
इसकी नित नव उपलब्धियों से घबराया है जमाना।

देश का कण- कण हर पल गा रहा है तराना,
मिलकर मनाएं पर्व यह, अमृत महोत्सव सुहाना।

यहां की गंगा जमुनी तहजीब ने मान बढ़ाया है ,
हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई ऐक्य मंत्र से विश्व गुंजाया है।
सात वार नौ त्यौहार की संस्कृति से मन हर्षाया है
प्यार मोहब्बत अपनेपन से जीवन प्रतिपल मुस्काया है।
यहां की विविध संस्कृतियों का पूरा विश्व है दीवाना ।

देश का कण - कण हर पल गा रहा है तराना,
मिलकर मनाएं पर्व यह, अमृत महोत्सव सुहाना।

नमन देशभक्तों को जिन्होंने आजादी का दीप जलाया है,
परतंत्रता की बेड़ियों से मुक्त कर नवजीवन दिलाया है।
आजादी की आबोहवा में पूरा देश खिलखिलाया है,
शस्य श्यामला इस देश में हर पल्लव इठलाया है ।
बड़े बलिदानों से मिली आजादी का धर्म हमें है निभाना।

देश का कण- कण हर पल गा रहा है तराना,
मिलकर मनाएं पर्व यह ,अमृत महोत्सव सुहाना।

दिलीप कुमार शर्मा
स्नातकोतर शिक्षक
के.वि. क्रमांक 2, फ़ॉय सागर रोड, अजमेर

36

आज़ादी के अमृत महोत्सव का उल्लास हो

भारत भू, शस्य श्यामल वस्त्र से सुशोभित हो ।
सुयश के किरीट से भारत-माथ सुशोभित हो ।
सुख-समृद्धि के तिलक से भाल समुन्नत हो ।
प्रसन्नवदना भारत माता का सुन्दर श्रृंगार हो ।
आज़ादी के अमृत महोत्सव का उल्लास हो ।

भारतवर्ष अहिंसा और शान्ति का अवधूत रहें ।
वसुधैव कुटुम्बकम की भावना का प्रसार रहें ।
डालर की अपेक्षा रुपया सदैव मज़बूत रहें ।
आज़ादी के अमृत महोत्सव का उल्लास रहें ।

भारत की युवा शक्ति में चिनगारी सी उठें ।
युवा श्रम से भारतवर्ष गर्वोन्नत हो जाग उठें ।
पथ के विघ्नों का हलाहल भी अमृत सा बनें ।
तब आज़ादी का अमृत महोत्सव सार्थक बनें ।

विष का हर कुम्भ परम अमृत बन जाए ।
मानव मात्र सद्विचारों से सिंचित हो जाए ।
उन्नत देशों में भारत का नाम शुमार हो जाए ।
आज़ादी का अमृत महोत्सव सार्थक हो जाए ।

पी. जयराजन
स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी)
केन्द्रीय विद्यालय, वायु सेना स्थल, आवड़ी

37

आज़ादी का अमृत काल

कितनी ही
आंधी देखी हैं
देखे कितने ही भूचाल कठिन पथों पर
चलकर देखा
आजादी का अमृत काल।

चली चाल
अंग्रेजों ने थी
जिन्ना ने मांगा बंटवारा, मिली नहीं
यूँ ही आजादी नेताओं ने काटी कारा, फांसी चढ़े
भगत सिंह जैसे
हंसते हुए देश के लाल ।

देखे खेल
सियासी हमने
देखे कितने ही
दुर्योधन
आजादी
के बाद देश में मिले चीर हरते दुशासन
कुर्सी की खातिर
चुनाव में
देखी शकुनी की हर चाल।

सीमा पर
सिलसिले युद्ध के
घाटी में
हो रहे धमाके
आतंकी हैं
छिपे घरों में
पता नहीं
कब गोली दागे
घरों में दुश्मन
बाहर दुश्मन
कौन रहा है इनको पाल।
सच है
विकट
परिस्थिति
में भी
हमने चढ़ी
प्रगति की सीढ़ी
विज्ञान कला
क्या हरे क्षेत्र
आगे बढ़ी
हमारी पीढ़ी
सफल हुए हम
घर विदेश में
ऊंचा किया देश का भाल।

मनीष कुमार विजयवर्गीय
(प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक)
केन्द्रीय विद्यालय राजगढ़

38

हम भारत को श्रेष्ठ बनाएँगे

खूब पढ़ेंगे खूब लिखेंगे
हम दुनिया में आगे बढ़ेंगे
हम भारत को श्रेष्ठ बनाएंगे ।।

अपनी धरती और अंबर है
गर्व से ऊँचा अपना सर है
अपने खेतों की मिट्टी पर
सदा सर्वदा हम निर्भर हैं
अपनी मिट्टी की खुशबू फैलाएंगे
हम भारत को श्रेष्ठ बनाएंगे।।

है हिम्मत है ताकत
ना करते हम नफरत,
फैलाएँ न दहशत
चमकाएंगे किस्मत
वसुधैव कुटुंबकम्
वसुधैव कुटुंबकम्
वसुधैव कुटुंबकम् का पाठ पढ़ाएंगे
हम भारत को श्रेष्ठ बनाएंगे।।

आत्मनिर्भर हो देश हमारा
दुनिया को संदेश हमारा
अपने दम पर हम जीतेंगे
विश्व गुरु से सब सीखेंगे
कृण्वन्तो विश्वमार्यम्
कृण्वन्तो विश्वमार्यम्
कृण्वन्तो विश्वमार्यम् का उपदेश सुनाएंगे
हम भारत को श्रेष्ठ बनाएंगे।।

डॉ. सन्तोष कुमार झा
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (संस्कृत)
केंद्रीय विद्यालय बामनगाछी

39

आत्मनिर्भर भारत

"अकाम" ने रखा सब को एकता के सूत्र में ,
तब्दीली की , नवीन तकनीक अपनाए , निपुणता खातिर ,
अमृत वचनों का दर्शन किया उन भूले-बिसरे "शूर-वीरों" के ||

गाथा रची स्वकीय उपलब्धियों की तकनीकी उत्थान से ,
मनाया उत्सव चाँद से मंगल तक की चढ़ाव का
हर घर फहराया झण्डा अपनी आज़ादी का ||

लहर फैलायी स्वच्छता की देश भर में ,कर प्रथा पूरी ,
शपथ ली उन्नति की चट्टानों पर चढ़ने की , जैसे
कला, खेल, स्वास्थ्य , प्रौद्योगिकी नैपुण्यता हर क्षेत्र की ||

सीढ़ी आरोही प्रगति की अवरोधियों को पार कर
अपनी पहचान स्थान चिह्न पाया विश्व भर में ,
योग में या त्याग में , वेद और संस्कृति से भरपूर ||

लुभाया जग को अपने संविधान की विविधता से,
परिचय किया ज्ञान – संज्ञान की मंथन से , दुनिया को मिसाल दी ,
पर्यावरण की जगरूकता हर छात्र में , कायम रखें भविष्य भी ||

आत्मनिर्भरता को जगाने की ओर प्रविधान बनाए अनेक ,
आज़ादी की भोग हमने पाई , बिना बोझ उठाए ,
समय आया हमे बस थाम के चलने की ,
" भारत " की दक्षता दर्शाने की ||

बस हो सबका साथ, सब का विश्वास , सब का प्रयास !
लक्ष्य हो हमारा सदा " आत्मनिर्भर भारत " का !!!

एन वै अमृता बाला
प्राचार्या
केंद्रीय विद्यालय तलश्शेरी, केरल

40

लौट आएंगी माँ

बालकनी से झांकती दो गहरी डबडबाई आंखें
सड़क की और एकटक देखती हैं
शाम के 5 बज गए हैं
और माँ आज भी घर नहीं लौटी

यूं तो हर शाम समय पर आ जाती है माँ
और अक्सर अपने साथ लाती है
सब्जियां, फल और चॉकलेट
आते ही प्यार से गले लगाती है
और हंस के चूम लेती है माथा

होमवर्क में आने वाली तमाम
मुश्किलों को मैं रख देता हूं उनके सामने
और कंठस्थ कविता की तरह सुना देता हूं
कि आज स्कूल में क्या क्या हुआ
कौन से मास्टरजी नहीं आए
और कैसे गणित की बोरिंग
क्लास में मैं फिर से सो गया।

माँ कुछ दिन से घर पर नहीं आ रही है
बस फोन करके हर रात कह देती है कि
कल जरूर आऊंगी
वो बताती है मुझे कि वो ख़्याल रख रही है
कि एक बड़ी बीमारी मुझ तक ना पहुंचे
वो बताती है कि मेरे जैसे बहुत से बच्चों
को अभी उनकी जरूरत है

मैं फोन पर ही उनको सुना देता हूं
अपने सारे किस्से
स्कूल तो अब नहीं खुलते
लेकिन बता देता हूं कि मैं अभी भी वैसे ही पढ़ता हूं
और हर शाम बालकनी में आकर उनका करता हूं इंतेज़ार
वो फोन से ही मुझे चूम लेती है
और यहां गीला हो जाता है मेरा माथा

आज नहीं तो कल शाम 5 बजे
जरूर लौट आयेंगी माँ
और अपने साथ जरूर लायेंगी
सब्जियां, फल और चॉकलेट।

गौरव शर्मा
टीजीटी सामाजिक विज्ञान
केंद्रीय विद्यालय हेब्बाल

41

आजादी का उत्सव मनाएंगे

स्वतंत्रता के पचहत्तरवें वर्ष में आजादी का उत्सव मनाएंगे,
आजादी की लड़ाई में काले पानी की सजा काटने वाले
उन गुमनाम नायकों की भी याद दिलाएंगे ।
आओ मिलकर आजादी का अमृत महोत्सव मनाएंगे ।

भारत के सुनहरे भविष्य की मिसाल जलाएंगे,
एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के बलबूते पर
दुनियाँ में हमारी संस्कृति की पहचान कराएंगे ।
आओ मिलकर आजादी का अमृत महोत्सव मनाएंगे ।

शाम-सवेरे भाग-दौड़कर इंडिया को फिट बनाएंगे,
खेलो इंडिया में अपना पूरा दमखम दिखाकर
सोने के पदकों की झोली भर - भरकर लाएंगे ।
आओ मिलकर आजादी का अमृत महोत्सव मनाएंगे ।

विश्व गुरु भारत को हम दुबारा बनाएंगे,
देश में नई शिक्षा-नीति को लागू करके
शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति की अलख जाएंगे ।
आओ मिलकर आजादी का अमृत महोत्सव मनाएंगे ।

सोहन लाल
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक(हिन्दी)
केन्द्रीय विद्यालय डिफू, असम

42

भारत भूमि

दिव्य धरा मैं भारत की, वसुधा
जन गण मन की सोम सुधा।
उर जिह्वा निज कंठ स्वरों में
रख उद्दाम प्रीति बलिदान प्रभा,
श्वासों के पृष्ठों पर कहती
निज गौरव की गुण गाथा॥

शिवम् सुन्दरम है जो सत्यम
लिए भाव यह प्रांजल निर्मल।
अमल अपंकिल आलोकित हों
वसुधा ही कुटुम्ब अनाविल॥

कर निज अस्थि वज्र का अर्पण जग को
जन को अर्पित अमृत अमि फल।
सुत शांति-अथर्वा दे निज कंकड़-कंकड़
हर शंकर हर पिए हलाहल॥

वन-वन जाकर राम रमे वन, बन आरण्यक
तज घर हर सब स्वर्ण महल।
गले लगाकर हरते पीड़ा, पथ पर आतुर
भील गुह खग नर हर कपि विह्वल॥

पुरुषार्थ प्रबल पर निज अवलंबन
गीत जीत का गाकर श्रमजल।
कर्मणि एव अधिकारः ते का
देते जग को गायन अविरल॥

कालिंदी के तीर तटों पर पल कर बढ़ कर
सीख संदीपनि सुर सोम सकल।
प्रीति रूप में कृष्ण कंठ से निसृत होकर
देती जग को चिर शाश्वत दर्शन॥

श्रृंग हिन्दुकुश लहर वितस्ता, साक्षी
हर पल भर भावों का आवेग प्रबल।
अलक्षेन्द्र का मर्दन करता
हुआ समर्थ जब पोरस भुजबल॥

शिखा खोलकर जनरव कर जब
बन चाणक्य, ललकारे शिक्षक दृढ़ स्वर।
चन्द्रगुप्त तब निर्मित होते
बल पौरुष के बन आशुतोष बल॥

शौर्य-सजगता धैर्य-वीरता के प्रतिमान अप्रतिम
जीत कलिंग भी समर द्वंद रण।
मरू सी मन में प्यास जगा कर, त्याग युद्ध, चल
बुद्ध मार्ग पर, करते जग को अ-शोक सुफल॥

दीपदान करतीं पन्ना जब, अर्पण
निज प्राणों का कुशल कनक चिन्नमा कित्तर।
पोछ रहा तब चक्षु अश्रु से झर झर
अंतस अम्बर का उद्वेलित वारिधि का आँचल॥

शौर्य गगन सा धर धैर्य अवनि सा
पुण्यलोक यह सत्य अहिंसा और प्रेम का।
पर अपमानित यदि बालाएं हों
पीड़ित शोषित जन मन हो,
हर कंकर तब बन शंकर हर
बने आश्रय अंतिम मानवता का॥

दिव्य धरा मैं भारत की, वसुधा
जन गण मन की सोम सुधा।
उर जिह्वा निज कंठ स्वरों में
रख उद्दाम प्रीति बलिदान प्रभा,
श्वाशों के पृष्ठों पर कहती
निज गौरव की गुण गाथा॥

प्रकाश चन्द्र तिवाड़ी
प्राचार्य
केंद्रीय विद्यालय ओएनजीसी, देहरादून

43

गर्भ

पुरुष
तुम स्त्री नहीं हो सकते
तुम हो सकते हो
एक महान ग्लेशियर
पिघलना तुम्हारी प्रवृति है
तुमने बहना नहीं सिखा
तुम नदी नहीं हो सकते

तुम हो सकते हो
एक विशाल मरुस्थल
फैलना तुम्हारी फितरत है
तुम उगना नहीं जानते
तुम खेत नहीं हो सकते

तुम हो सकते हो
एक जागृत जवालामुखी
उन्माद तुम्हारी संस्कृति है
तुम शीतल होना नहीं जानते
तुम शैवाल नहीं हो सकते

तुम हो सकते हो
ब्रह्माण्ड का सबसे चमकीला तारा

वैभव तुम्हारा विवरण है
तुम धारण करना नहीं जानते
तुम पृथ्वी नहीं हो सकते

पुरुष
तुम एक साथ
कई रूपाकार होकर
हो सकते हो स्वयं में
उदात्त

तुम हो सकते हो सभ्यता के
प्राचीनतम मंदिर के
गर्भगृह में स्थापित
देव प्रतिमा
अनश्वरता तुम्हारी सत्ता है
किन्तु तुम जन्म देना
नहीं जानते
तुम गर्भ नहीं हो सकते

पुरुष
तुम स्त्री हो ही नहीं सकते ।

परमानन्द
कला शिक्षक
केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1, वायु सेना स्टेशन
जालहल्ली

44

आओ अमृत पर्व मनाएं

पीते-पीते गरल गुलामी का सदियों तक,
विषम ज्वाल में शोषण के, निस्तेज हो गए।
कोटि-कोटि कंठों से चीत्कार निकलकर,
निर्दय शासन में स्वर सब अनसुने हो गए।
भारत की गरिमा-गौरव सब धूल धूसरित,
भू -लुंठित कुंठित जन-आकांक्षाएं,
सोने की चिड़िया कहलाती थी जो भूमि,
उसके प्यारे लाल सभी, निज धरती पर ही, हीन हो गए ।
जागा स्वाभिमान, सभी हुंकारे और फिर खड़े हो गए ,
ललकार उठी जनशक्ति, अतीत गौरव के दिन स्मरण हो गए ।
मंगल पांडेय,नाना साहब, तात्या टोपे लक्ष्मीबाई,
मनीराम औ अली लियाकत, हजरत बेगम आगे आईं।
चिदंबरम पिल्लई, अलूरी ने खलबली मचाई,
गांधीजी ने शांति -अहिंसा की थी अलख जगाई।
लाल-बाल औ पाल भगतसिंह औ सुभाष आजाद,
लौह इरादे लेकर निकले फिरंगी को चखाने स्वाद,
उमड़ा फिर जन-ज्वार तोड़ बंधन होने आजाद,
हर बच्चा बोला भारत का "इन्कलाब जिंदाबाद"।
स्वतंत्रता अमृत छककर भारत-जन हर्षाए,
हुतात्माओं को नमन हेतु ही अमृत पर्व मनाएं।

